माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

E-mail : mpbse @ mp.nic.in Website : www.mpbse.nic.in

☎ कार्या :- (0755) 2551166-71, Fax (0755) 2551499, 2552061

भोपाल दिनांक 29/04/2022

// प्रेस–विज्ञप्ति //

हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी 2022 की पूरक परीक्षाएँ 20 जून, 2022 से प्रारंभ।

----0----

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित हाईस्कूल/हा.से./हा.से. व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) की परीक्षाएं प्रारंभ होने की तिथियाँ मण्डल द्वारा घोषित कर दी गई है।

हायर सेकेण्डरी परीक्षा में केवल एक विषय तथा हाईस्कूल परीक्षा में दो विषयों में अनुत्तीर्ण छात्रों को ही पूरक की पात्रता प्रदान की गई है। **हायर सेकेण्डरी के समस्त विषयों की पूरक परीक्षाएँ सोमवार दिनांक 20 जून, 2022 तथा हाईस्कूल पूरक परीक्षा मंगलवार दिनांक 21 जून, 2022 से 30 जून, 2022 तक तथा हायर सेकण्डरी व्यावसायिक (द्वितीय अवसर) पूरक परीक्षा मंगलवार दिनॉक 21.06.2022 से 27.06.2022 तक संपन्न होंगी। उक्त परीक्षाएँ प्रातः 09.00 से 12.00 बजें के मध्य निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।**

हायर सेकण्डरी/हाईस्कूल पूरक परीक्षा एवं हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क जमा कर एम.पी.ऑनलाईन के क्योस्क के माध्यम से दिनॉक 04 मई 2022 से हायर सेकण्डरी परीक्षा प्रारंभ दिनॉक के एक दिन पूर्व तक भरे जा सकेंगे। पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनॉक 05 जून 2022 से ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त किये जा सकेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रेश,भोपाल